अब सौप दिया इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथो में

अब सौप दिया इस जीवन का, सब भार तुम्हारे हाथो में,
है जीत तुम्हारे हाथों में, और हार तुम्हारे हाथों में,
अब सौप दिया इस जीवन का......

मेरे मन में तेरा माँ ध्यान रहे, और लब पे तेरा ही नाम रहे,
मेरे जीवन की रग रग का हो, हर अधिकार तुम्हारे हाथो में,
अब सौप दिया इस जीवन का......

मै जग में रहुं तो ऐसे रहुं, जैसे जल में कमल का फूल रहे,
मेरे गुण दोष समर्पित हो, मैया जी तुम्हारे हाथो में,
अब सौप दिया इस जीवन का.....

मेरा है निश्चय है बस एक यही, एक बार तुम्हे पा जाऊं मै,
अर्पण कर दु दुनिया भर का, सब प्यार तुम्हारे हाथों में,
अब सौप दिया इस जीवन का.....

यदि मनुष्य का मुझे जन्म मिले, तेरे दासो का मै दास बनुं,
फिर अन्त समय मे प्राण त्यागु, मेरी मैया तुम्हारे हाथों में,
अब सौप दिया इस जीवन का......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29541/title/ab-saunp-diya-is-jivan-ka-sab-bhaar-tumhare-hathon-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |